By Speed Post

सत्यमेव जयते

No. Tour Report/02/Rajasthan/(Member(HKD)/2018/RU-II

Government of India

National Commission for Scheduled Tribes

*******

6th floor, 'B' Wing, Lok Nayak Bhawan
Khan Market, New Delhi 110 003
Date:- 12th.02.2020

To

The Principal Secretary,
Tribal Area Development Department,
Government of Rajasthan,
Rajasthan Secretariat,
Jaipur, Rajasthan -302005.

Sub:-Tour Report and recommendation of Shri Hari Krishna Damor, Member, NCST, New Delhi from 04.12.2019 to 08.12.2019 visited to District- Udaipur, District-Pali and Rajsamand, Rajasthan regarding inspection of schools and hostels situated at District-Udaipur, Pali and Rajsamand, Rajasthan.

Sir,

I am directed to enclose herewith a copy of Tour Report and recommendation of Shri Hari Krishna Damor, Hon'ble Member, National Commission for Scheduled Tribes, New Delhi from 04.12.2019 to 08.12.2019 on the above mentioned subject.

2. It is requested to furnish the information along with Action Taken Report to this Commission on the recommendations made in the Report and recommendations within 30 days positively.

Yours faithfully,

Encl:- As above

(S.P. Meena)
Assistant Director
Tel: 24645826

Copy to:-

1. The District-Collector, District Udaipur, Rajasthan.
2. The District- Collector, District-Pali, Rajasthan.
3. The District-Collector, District-Rajsamand, Rajasthan.
4. SAS, NIC, for uploading on the website of NCST.

## कार्यालय माननीय सदस्य (श्री एच.के.डामोर)
## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

श्री हरि कृष्ण डामोर, सदस्य, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा दिनांक 05/12/2019 से 06/12/2019 तक राजस्थान राज्य के उदयपुर जिलें के राजकीय प्रवास की रिपोर्ट निम्नावत है।

राजकीय प्रवास रिपोर्टः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रवास करने वाले अधिकारी का नाम | **श्री एच.के.डामोर, माननीय सदस्य** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग |
| 2. | दौरे की तिथि (दिन/माह/वर्ष) | 04/12/2019 से 08/12/2019 |
| 3. | दौरा किये गये स्थानों का विवरण | जिला उदयपुर, पाली एवं राजसमन्द |
| 4. | मुलाकात/बैठक, मुख्य व्यक्ति/अधिकारी गण/संगठनों से मिले | अतिरिक्त जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक उदयपुर श्री रामजीवन मीणा अतिरिक्त जनजाति आयुक्त, राजस्व विभाग के अधिकारीगण, निदेशक टी.आर.आई. श्री हुक्मसिंह कुमावत, डॉ. दिनेश रॉय एसीईओ जिला परिषद राजसमन्द, श्री अमित शर्मा विकास अधिकारी खमनोर, वार्डन राजकीय जनजाति आश्रम छात्रावास भीमाना, श्री प्रशान्त कुमार मेघवाल वार्डन राजकीय जनजाति आश्रम छात्रावास दानवरली जिला पाली, श्रीमती कमला भील वार्डन राजकीय बालिका जनजाति छात्रावास नाथूवास जिला राजसमन्द, सुश्री मनु गायरी सरपंच ग्राम पंचायत सेमा, श्रीमती अंजू यादव वार्डन जनजाति बालिका छात्रावास सेमा। |
| 5. | प्रवास के मुख्य बिन्दुः (भ्रमण के दौरान चर्चा किए गए प्रमुख मुद्दे) | राजकीय प्रवास का विवरण तिथिवार निम्नवत है। |

दिनांक 04/12/2019 को शाम 19:00 बजे हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से मेवाड़ एक्सप्रेस द्वारा उदयपुर के लिये प्रस्थान कर दिनांक 05/12/2019 को प्रातः 07:20 बजे उदयपुर रेलवे स्टेशन पर आगमन।

दिनांक 05/12/2019

मॉ बाड़ी केन्द्र–रोटेला फली, भीमाना (बाली) जिला पालीः– माननीय सदस्य ने सड़क मार्ग द्वारा उदयपुर से प्रातः 1000 बजे रवाना होकर 1200 बजे पहुॅचकर मॉ बाड़ी केन्द्र–रोटेला फली भीमाना (बाली) जिला पाली का निरीक्षण किया। श्री जीवाराम अध्यापक अनुपस्थित मिलें। मॉ बाडी केन्द्र खुला हुआ था। मात्र 12 बच्चें उपस्थित मिलें जो खेल रहे थे। केन्द्र



हरि कृष्ण डामोर/Hari Krishna Damor
सदस्य/Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India

में साफ सफाई का नितान्त अभाव था। खाने का मीनू चार्ट भी नहीं लगा हुआ था। भवन 2017–18 में बना है, लेकिन फर्श इत्यादि उखड़ गया था। बच्चों के खाने में रोटी और बैंगन की सब्जी बनी हुई थी। बच्चों की स्कूल युनिफार्म बहुत गन्दी थी। दरी–पट्टियां फटी हुई और गन्दी थी। रसोईया उदी बाई और सुनी बाई जो रोटियां बना रही थी ने बताया कि बच्चों के लिये खाना बनाने के लिये उनको दो–दो हजार रूपये मिलते है लेकिन समय पर भुगतान नहीं होता। निरीक्षण करने के समय अध्यापक की अनुपस्थिति एवं बच्चों की सुविधाओं के अभाव के लिये माननीय सदस्य ने असंतोष प्रकट किया। इन सुविधाओं का सुचारू रूप से क्रियान्वयन करने के लिये नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सकें। अध्यापक की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिये भी संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिये।

<u>राजकीय जनजाति आश्रम छात्रावास भीमाना जिला पाली:–</u> इसके पश्चात् राजकीय जनजाति आश्रम छात्रावास भीमाना जिला पाली का निरीक्षण किया गया। श्री हुक्मसिंह कुमावत छात्रावास वार्डन उपस्थित थे। छात्रावास की प्रवेश क्षमता 100 हैं, जिसमें से 80 छात्रों की उपस्थिति दर्ज पाई गई। कक्षा आठवीं में 02, नवीं में 21, दसवीं में 24, ग्यारहवीं में 23, और बारहवीं में 30 छात्र प्रवेशित है। अधिकतर छात्र नियमित नहीं हैं। दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम ठीक है। निरीक्षण रजिस्टर संधारित नहीं किया गया है। बच्चों के स्नान करने के स्नानागार एवं टॉयलेट छात्रावास परिसर में नहीं बने हुये हैं। बच्चों को नहाने एवं शौच के लिये बाहर खुले में जाना पड़ता है। छात्रावास भवन पुराना एवं जर्जर स्थिति में है। बिजली की फिटींग सही नहीं है। निरीक्षण के दौरान स्टॉक में दर्ज कुछ सामग्री का भौतिक सत्यापन किया यथा गेहूँ बेलेन्स में स्टॉक रजिस्टर के अनुसार 457 कि.ग्रा. था, लेकिन भौतिक सत्यापन के समय 720 कि.ग्रा. पाया गया। घी स्टॉक रजिस्टर के अनुसार 14 लीटर था, लेकिन भौतिक सत्यापन के समय 17 लीटर पाया गया। इससे प्रतीत होता है कि रिकार्ड का सही तरीके से निर्धारण नहीं किया जा रहा है, इसके फलस्वरूप सामग्री के दुरूपयोग होने से इन्कार नहीं किया जा सकता। माननीय सदस्य ने कहा कि बच्चों के लिये बाथरूम एवं टॉयलेट की सुविधा छात्रावास परिसर में ही होनी चाहिये। इनके निर्माण के लिये शीघ्र कार्यवाही करने की आवश्यकता है। संपूर्ण छात्रावास भवन की मरम्मत एव रंग रौगन प्राथमिकता के आधार पर करवाने की आवश्यकता है। शिक्षा में गुणवता एवं परीक्षा परिणाम में भी सुधार की जरूरत है। विभाग के अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर का भौतिक सत्यापन किया जाना चाहिये जिससे सामग्री का दुरूपयोग होने से रोका जा सकें।

**राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय भीमाना बाली पाली:–** प्रधानाचार्य का पद रिक्त है। इंचार्ज श्री लच्छाराम मीणा एस.डी.एम.सी. की ट्रेनिंग देने गये हुये थे। कुल 16 स्टाफ सदस्यों में से 05 स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। दोपहर एक बजे तक बच्चों के लिये भोजन नहीं बनाया गया था। माननीय सदस्य ने कहा कि प्रधानाचार्य के पद को भरा जाना चाहिये। स्टाफ सदस्यों की नियमित उपस्थिति के लिये जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक निर्देश जारी करने चाहिये। निर्देशों की पालना न करने की स्थिति में अनुपस्थित स्टाफ सदस्य के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय कार्यवाही की जानी चाहिये। यह भी

हरि कृष्ण डामोर/Hari Krishna Damor
सदस्य/Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

60

सुनिश्चित किया जावे कि बच्चों के लिये भोजन की व्यवस्था निर्धारित समय पर होनी चाहिये।

<u>राजकीय जनजाति आश्रम छात्रावास दानवरली जिला पालीः</u>— छात्रावास की प्रवेश क्षमता 100 की है। छात्रावास में 99 छात्रों को प्रवेश दिया गया है जिसमें से उपस्थिति रजिस्टर के अनुसार 78 छात्र उपस्थित थे। कक्षा छः में 8, सातवीं में 9, आठवीं में 14, नवीं में 42 और दसवीं में 26 छात्र प्रवेशित है। परीक्षा परिणाम ठीक है। छात्रावास भवन जीर्ण शीर्ण स्थिति में है। अनुपयोगी सामान के निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं है। स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर अपूर्ण थे। रसोईया, चौकीदार और सफाईकर्मियों का वेतन मई 2019 से बकाया होना बताया है। माननीय सदस्य ने कहा कि छात्रावास भवन की मरम्मत एवं पेंट करवाने की आवश्यकता है। बच्चों के शैक्षणिक स्तर में गुणवता में सुधार की आवश्यकता है। स्टॉक रजिस्टर बनाकर उसमें खाद्य सामग्री की इन्द्राज की जानी चाहिये एवं निरन्तर समय पर इसका भौतिक सत्यापन भी होना चाहिये। जिला प्रशासन को प्राथमिकता के आधार पर कर्मचारियों का बकाया वेतन जारी करने के लिये शीघ्र कार्यवाही करनी चाहिये एवं प्रत्येक कर्मचारी को समय पर वेतन आदि का भुगतान किया जाना चाहिये।

**राजकीय माध्यमिक विद्यालय दानवरली जिला पालीः**— पिछले एक वर्ष से प्रधानाध्यापक का पद रिक्त है। कुल 15 पद स्वीकृत है, उसमें से 09 पद भरे हुये हैं। पहली कक्षा में 10, दूसरी में 15, तीसरी में 18, चौथी में 15, पांचवी में 08, छठी में 27, सातवीं में 16, आठवीं में 25, नवीं में 50 और दसवीं में 29 छात्र—छात्राएं प्रवेशित है। दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत है। दिनांक 07/11/2019 को 14 कम्प्यूटर प्राप्त हुये हैं लेकिन अभी तक इंसटालेशन नहीं हुये है। माननीय सदस्य ने छात्रों से अंग्रेजी, गणित और सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछकर शैक्षणिक स्तर की जॉच की। माननीय सदस्य ने उपस्थित बच्चों को आयोग के कार्यों, शक्तियों, सेवाओं, उद्देश्यों इत्यादि के बारे में जानकारी दी। माननीय सदस्य ने कहा कि प्रशासन द्वारा जल्दी से जल्दी कार्यवाही कर रिक्त पदों को भरा जाना चाहिये। उपलब्ध 14 कम्प्यूटरों का भी शीघ्रता से इंसटालेशन करवाया जाना चाहिये, जिससे बच्चें इसका सदुपयोग कर अपनी शिक्षा के स्तर को ओर आगे बढ़ा सकें। शिक्षा में ओर अधिक गुणवता की आवश्यकता है।

**कस्तूरबा बालिका आश्रम छात्रावास खेतरली जिला पालीः**— यह छात्रावास शिक्षा विभाग के सीनियर सेकेण्डरी विद्यालय खेतरली द्वारा प्लेसमेंट एजेन्सी 'नवीन इन्टरप्राइजेज जोधपुर' द्वारा संचालित किया जा रहा है। समस्त रिकार्ड का संधारण प्लेसमेंट एजेन्सी द्वारा ही किया जाता है। इस कारण छात्रावास से संबंधित कोई रिकार्ड उपलब्ध नहीं था। छात्रावास में छात्राओं के लिये बेडशीट की व्यवस्था नहीं है। छात्राओं को सर्दी में भी ठण्डे पानी में नहाना पड़ता है। छात्रावास में 200 छात्राएं प्रवेशित है। माननीय सदस्य ने छात्राओं से अंग्रेजी, गणित और सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछकर शैक्षणिक स्तर की जॉच की। माननीय सदस्य ने उपस्थित छात्राओं को आयोग के कार्यों, शक्तियों, सेवाओं, उद्देश्यों इत्यादि के

हरि कृष्ण डामोर / Hari Krishna Damor
सदस्य / Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi

बारे में जानकारी दी। उपस्थित वार्डन एवं छात्राओं से वार्ता कर उनकों आगे बढ़ने के लिये शुभकामनायें दी तथा अपना सुनहरा भविष्य बनाने के लिये प्रोत्साहित किया।

रात्रि विश्राम–सर्किट हाउस उदयपुर में किया।

दिनांक 06/12/2019

राजकीय बालिका जनजाति आश्रम छात्रावास नाथूवास जिला राजसमन्दः– छात्रावास की क्षमता 50 की है, जिसमें 44 प्रवेशित है एवं 41 उपस्थित थी। कक्षा 6 में 16, सात में 09, आठ में 04, नवीं में 07 और कक्षा 10 में 08 छात्राएं प्रवेशित है। कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं है। छात्रावास में जाने के लिये कच्चा रास्ता है। निरीक्षण के समय डा. दिनेश राय एसीईओ जिला परिषद राजसमन्द श्री अमित शर्मा विकास अधिकारी खमनोर एवं वार्डन भी उपस्थित थे। माननीय सदस्य ने उपस्थित छात्राओं से प्रश्न पूछकर उनके शैक्षणिक स्तर की जानकारी प्राप्त की। शिक्षा का स्तर सामान्य पाया गया। शिक्षा के स्तर में गुणवता में सुधार की नितान्त आवश्यकता है। माननीय सदस्य ने उपस्थित छात्राओं को आयोग के कार्यों, शक्तियों, सेवाओं, उद्देश्यों इत्यादि के बारे में जानकारी तथा अपना भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिये नियमित रूप से कठोर मेहनत करने की आवश्यकता बताई।

ग्राम पंचायत उपली ओडन नाथद्वारा राजसमन्दः माननीय सदस्य ने ई–मित्र राजसमन्द का संक्षिप्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ई–मित्र द्वारा दिनांक 05/12/2019 को 02 एवं 06/12/2019 को 01 जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया है। उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्य के लिये आवेदनकर्ताओं से राज्य सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क राशि ही ली जावे।

ग्राम पंचायत सेमा पंचायत समिति खमनोरः निरीक्षण के समय सुश्री मनु गायरी सरपंच, श्री अमित शर्मा बीडीओ खमनोर एवं डॉ. दिनेश राय एसीओ राजसमन्द उपस्थित थे। उपस्थित प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने अवगत कराया कि प्रधानमन्त्री आवास योजना के अन्तर्गत 79 आवास स्वीकृत है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत 776 शौचालयों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। नरेगा योजना में कार्य करने वाले मजदूरों की राशि का भुगतान कार्य समाप्ति के आठ दिनों के अन्दर किया जाता है। जनसंख्या की महती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये परिवार कल्याण कार्यक्रम को मजबूती से लागू किया जावेगा और इसके लिये सभी दम्पतियों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जावेगा। गर्भवती व धात्री महिलाओं तथा बालक, बालिकाओं के सुपोषण एवं स्वास्थ्य को महत्व दिया जावेगा एवं कुपोषण के विरूद्ध कियान्वित किये जा रहे सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान किया जावेगा। माननीय सदस्य ने कहा कि शिक्षा के लिये सभी बालक बालिकाओं का शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाना चाहिये एवं साथ ही साथ कौशल कार्यक्रमों से भी जोडा जाये। ग्राम में समस्त प्राकृतिक संसाधनों जैसे कुंआ, बावडी, तालाब, नदी, चारागाह, गोचर, आरण जमीन, जंगल, पहाड़ इत्यादि का संरक्षण किया जाना चाहिये। राजस्थान राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत सेमा को महात्मा गांधी आदर्श ग्राम चयनित किया है। माननीय सदस्य ने उपस्थित प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को सही तरीके से क्रियान्वित करने के लिये सराहना की।



हरि कृष्ण डामोर / Hari Krishna Damor
सदस्य / Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India

**जनजाति बालिका छात्रावास सेमा पंचायत समिति खमनोर राजसमन्दः** निरीक्षण के समय श्रीमती राजु यादव वार्डन उपस्थित थी। छात्रावास वर्ष 2003 से संचालित है। छात्रावास में 50 की क्षमता के विरूद्ध 48 छात्राएं प्रवेशित है। कक्षा 06 में 07, सातवीं में 02, आठवीं में 02, नवीं में 15, दसवीं में 10, ग्यारहवीं में 05 और बारहवीं में 07 छात्राएं प्रवेशित है। परीक्षा परिणाम ठीक है। माननीय सदस्य ने छात्राओं से चर्चा कर अंग्रेजी गणित एवं सामान्य ज्ञान के स्तर की जॉच की गई। माननीय सदस्य ने उपस्थित छात्राओं को आयोग के स्वरूप, कार्यों, शक्तियों, सेवाओं, उद्‌देश्यों इत्यादि के बारे में जानकारी दी। माननीय सदस्य ने कहा कि छात्राओं का शिक्षा का स्तर निम्न पाया गया, इसमें ओर अधिक मेहनत एवं सुधार की आवश्यकता है। परीक्षा परिणाम में ओर अधिक सुधार हेतु मेहनत करने की आवश्यकता है।

**बालिका बहुउद्‌देशीय छात्रावास टीआरआई उदयपुर** में रह रही छात्राएं NEET व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये कोचिंग ले रही है। उपस्थित सभी छात्राओं से कोचिंग, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित तैयारी, छात्रावास में रहन–सहन एवं अन्य समस्याओं के संबंध में वार्ता की गई। माननीय सदस्य ने छात्राओं को अध्ययन एवं रहने में आ रही समस्याओं के समाधान के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उपस्थित छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल करने एवं कोचिंग लेने के लिये प्रोत्साहित किया। माननीय सदस्य ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिये शुभकामनाएं प्रेषित की।

लंच के बाद माननीय सदस्य ने उदयपुर जिलें में लम्बित मामलों के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। माननीय सदस्य ने बैठक में कहा कि अनुसूचित जनजाति के लोगों के लम्बित मामलों के निराकरण के लिये शीध्र कार्यवाही की जानी चाहिये। साथ ही यह भी कहा कि लम्बित मामलों का जल्दी से जल्दी निस्तारण करने के बाद की गई कार्यवाही की रिपोर्ट आयोग को भिजवाये। माननीय सदस्य ने कहा कि अधिकारियों को चाहिये कि आदिवासी वर्ग के लोगों की समस्यओं को निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिये। **उदयपुर जिलें के लम्बित प्रकरणों की सूची संलग्न है।**

**रात्रि विश्राम–सर्किट हाउस उदयपुर में किया।**

दिनांक 08/12/2019 को शाम 1815 बजे उदयपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन संख्या 12964 मेवाड़ एक्सप्रैस द्वारा प्रस्थान कर दिनांक 09/12/2019 को सुबह 0635 बजे हजरत निजामुद्धीन रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली पर आगमन।

(हरिकृष्ण डामोर)
हरि कृष्ण डामोर/Hari Krishna Damor
सदस्य/Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi